दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### आजीविका से जोड़ने हेतु शेयर मार्केट कोर्स में निशुल्क 15 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा ''आजीविका विकास कार्यक्रम'' के तहत रोजगार/स्वरोजगार की संभावनाओं के आधार पर हितग्राहियों को लघु अवधि का प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका से जोडऩे हेतु शेयर मार्केट कोर्स में नि:शुल्क 15 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। हितग्राही की न्यूनतम एवं अधिकतम शैक्षणिक योग्यता/आयु की बाध्यता नहीं है, उक्त कोर्स में प्रशिक्षण हेतु पेन कार्ड एवं बैंक खाता होना आवश्यक है। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबाईल नं 9752658995 एवं 07762-299505 से संपर्क कर सकते हैं।

### 4 मार्च से अनिश्चित कालीन रेल रोको आंदोलन का सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर (आरएनएस)।** रेल लाइन आंदोलन से जुड़े युवाओं ने रेल प्रशासन को चेतावनी देते हुए सौंपे गये ज्ञापन में आंदोलन के संबंध में डीआरएम विशाखापटनम को कलेक्टर चंदन कुमार से कहा गया है कि फरवरी माह में यदि जगदलपुर-रावघाट रेल लाइन परियोजना प्रारंभ नहीं की गई तो 04 मार्च से अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन प्रारंभ होगा। सौंपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बस्तर की विभिन्न रेल मांग और जगदलपुर-रावघाट रेल परियोजना फरवरी माह तक प्रारंभ करने की मांग पर सकारात्मक पहल नहीं होती तो आगामी अनिश्चितकालीन रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान साकेत शुक्ला, सुशील मौर्य, संदीप जोशी व अन्य शामिल थे।

### अवैध जलाऊ लकड़ी के साथ दो ट्रैक्टर जब्त

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के परिक्षेत्र बचेली में आज 18 जनवरी को आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 1852 से लकड़ी कटाई कर अवैध परिवहन करते हुए दो महिंद्रा ट्रैक्टर के साथ ही मौके से लगभग 06 चट्टा जलाऊ लकड़ी वन परिक्षेत्र बचेली के कर्मचारियों के द्वारा कार्यवाही करते हुए जप्त किया गया है। कार्यवाही उपरांत भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं में वन अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में समस्त वन परिक्षेत्र बचेली के कर्मचारियों का योगदान रहा।

### स्थाई वारंट नक्सली जनताना सरकार अध्यक्ष गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना पामेड़, कोबरा 204 एवं केरिपु 151 बटालियन की संयुक्त टीम द्वारा पामेड़-तोंगगुड़ा मार्ग पर एमसीपी लगाया गया था। एमसीपी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर अपनी उपस्थित छुपाने एवं भागने का प्रयास कर रहा था जिसे पुलिस पार्टी द्वारा गिरफ्तार किया गया, पूछताछ पर अपना नाम पोडिय़म समैया पिता पेन्टैया उम्र 36 वर्ष निवासी जारपल्ली थाना पामेड़ बताया जो जारपल्ली जनताना सरकार अध्यक्ष के पद पर नक्सली संगठन में सक्रिय है। थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत 24 अप्रेल 2022 को धरमारम, चिन्तावागु कैम्प पर फायरिंग करने की घटना में शामिल रहा है, गिरफ्तार नक्सली पोडिय़म समैया के विरूद्ध थाना पामेड़ में एक स्थाई वारंट लंबित है। थाना पामेड़ में विधिवत कार्यवाही उपरान्त आज न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

### डीईओ ने 2 महीने से गायब शिक्षक को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के अभियान में जुटे जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल जब भैरमगढ़ ब्लॉक के सुदूरवर्ती ग्राम टुंडेर पहुंचे तो स्कूल में न शिक्षक मिले और न ही बच्चे। भवन पानी की स्थिति देखने के बाद अधिकारी ने ग्रामीणों से स्कूल बंद रहने की जानकारी ली तो ग्रामीणों ने बताया कि पदस्थ शिक्षक रामराम कश्यप 02 महीने से स्कूल से गायब है। बच्चे शिक्षक के अभाव में शिक्षा से वंचित हैं। शिक्षक की लापरवाही और कर्तव्य के प्रति उदासीनता को गंभीरता से लेते हुए डीईओ बघेल ने कारण बताओ नोटिस जारी कर 02 दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा है। संतोष जनक जवाब नही पाए जाने पर अनुपस्थित शिक्षक को निलंबन की चेतावनी दी गई है।

# ग्रामीण विकास के लिए कृत संकल्पित है शासन -उमेश पटेल

**❏ खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न गांवों के दौरे पर पहुंचे उच्च शिक्षामंत्री पटेल**

**रायगढ़।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज खरसिया विकासखंड के ग्राम-बाम्हनपाली, अंजोरीपाली एवं रजघट्टा ग्रामों के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देते हुए 29 लाख 70 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया।

उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये कहा कि शासन ग्रामीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। इसलिए ग्रामीण अंचलों में सुविधाओं के विस्तार पर निरंतर कार्य कर रही है। चाहें वह गांवों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए घर-घर तक नल कनेक्शन विस्तार हो या आवागमन सुगम बनाने सीसी रोड का कार्य। इसके साथ ही गांवों की प्राथमिकता एवं मांग के अनुरूप सामुदायिक भवन, पचरी, मुक्तिधाम जैसे विभिन्न कार्यों को पूरा भी किया जा रहा है।





आज शासन की योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए बनाई जा रही है। जिसमें किसान, श्रमिक, आदिवासी परिवारों तक सबके विकास को ध्यान में रख कार्य किया जा रहा है। किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान सहित अन्य फसलों की अधिक कीमत मिल रही है। आदिवासी अंचलों के निवासियों के आजीविका का मुख्य स्त्रोत वनोपज की संख्या में विस्तार कर समर्थन मूल्य प्रदान किया जा रहा है। शासन जहां एक ओर किसानों के लिए योजनाएं चला रही है वहीं गांवों में निवास करने वाले भूमिहीन श्रमिकों के लिए भी राजीव गांधी भूमिहीन ग्रामीण मजदूर न्याय योजना शुरू की है। जिससे भूमिहीनों को सालाना 7 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण अंचल के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जा रहे है। ताकि बच्चे किसी भी प्रतियोगिता में पीछे ना रहें। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने ग्राम अंजोरीपाली में मांग अनुरूप नए पंचायत भवन की घोषणा की।

इस अवसर पर अभय महंती, नेत्रानंद पटेल, सुखदेव डनसेना, मनोज गबेल, रणधीर शर्मा, रामदयाल राठिया, भोग सिंह राठिया, जमील कुरैशी, नीरज पटेल, गोपाल शर्मा, साधराम साहू, सुनील शर्मा, सरपंच बाम्हनपाली खेमबाई राठिया, सरपंच अंजोरीपाली खिलावन सिंह राठिया, सरपंच रजघट्टा बसंती खडिय़ा, उपसरपंच डिगम्बर डनसेना, उपसरपंच परमानंद राठिया, उपसरपंच हेम पुष्पा साहू, बीडीसी सुशीला पटेल, पूर्व बीडीसी मधुमति राठिया, सुरेश साहू, बल्ली साहू, हेमंत साहू, कुशल प्रसाद साहू, डालिश पाण्डेय, लोकपाल डनसेना, हेतराम पटेल, तारेन्द्र डनसेना, खेमदास वैष्णव, विक्की सहगल, बृजेश राठौर, निखिल सिन्हा, लाला राठौर, चंद्रमणी राठिया, साधराम साहू, गिरिश राठिया, लोचन साहू, दयाराम राठिया, मुकेश पटेल, ठंडाराम पटेल, मनोज साहू, धनुर्जय पटेल, प्रेम सिदार, भारत चौहान, निलाम्बर मालाकार, बाबूलाल राठिया, गौरीशंकर पटेल, राजकुमार खडिय़ा, राधे श्याम बैरागी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पण**


उच्च शिक्षामंत्री पटेल आज जनसंपर्क के दौरान 29 लाख 70 हजार रुपये की लागत से 7 विभिन्न कार्यो का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम-बाम्हनपाली में 6 लाख 45 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केन्द्र-2, 12 लाख 75 हजार रुपये की लागत से दो सीसी रोड निर्माण, 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय, 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से यात्री प्रतिक्षालय तथा ग्राम-अंजोरीपाली में 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय एवं 01 लाख रुपये की लागत से पचरी निर्माण कार्य शामिल है।

## मालिक की अनुपस्थिति में दुकान से टीवी चोरी कर ले गया दुकान का एकाउंटेंट

**❏ दुकान का स्टाक चेक करने पर दुकान मालिक को टीवी चोरी होने की मिली जानकारी**

**❏ कोतवाली पुलिस आरोपी से जब्त की चोरी हुई एलईडी टीवी, आरोपी को भेजा गया रिमांड पर**

**रायगढ़।** 17 जनवरी को थाना कोतवाली में सुभाष चौक स्थित राम दयाल दीनदयाल इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक नरेंद्र रतेरिया (58 साल) द्वारा थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया की उनके इलेक्ट्रॉनिक दुकान में रामगुड़ीपारा में रहने वाला महेश शर्मा अकाउंटेंट का काम करता, था जो लगभग 2 माह पहले काम छोड़कर चला गया था। कल दुकान का स्टॉक चेक करने पर दुकान से एक हुंडई एलईडी टीवी कम पाया गया। तब अपने स्टाफ से पूछताछ करने पर दुकान का एक अन्य नौकर बताया कि सुबह महेश शर्मा दुकान पर आया और एक हुंडई एलईडी टीवी 32 इंच को दुकान से ले गया, जिसकी जानकारी मिलने पर महेश शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया जो गांजा चौक पर मिला जिसे काफी पूछताछ करने पर दुकान से टीवी चोरी कर ले जाना बताया।



थाना कोतवाली में चोरी के अपराध पर आरोपी महेश शर्मा के विरुद्ध धारा 380 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी महेश शर्मा पिता स्वर्गीय सीताराम शर्मा 52 वर्ष निवासी रामगुड़ीपारा थाना कोतवाली रायगढ़ के कब्जे से चोरी हुंडई कंपनी का एलईडी टीवी 32 इंच जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में माल, मुल्जिम पतासाजी में उपनिरीक्षक संतरा चौहान, प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, आरक्षक संदीप भगत और शशि चौहान की विशेष भूमिका रही है।

## मेला देखने गए युवक की हुई बाइक चोरी, गैरेज में बनवाते पकड़ाए

**❏ बाइक चोरी मामले में दोनों आरोपियों तमनार पुलिस ने भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़।** दिनांक 15.01.2023 की रात्रि ग्राम करमागढ़ में रहने वाला मोनु कुमार यादव (20 साल) थाना प्रभारी तमनार को सूचना दिया कि ग्राम हमीरपुर मेन रोड होटल के पास खड़ी उसकी बाइक कोई चोर चोरी कर ले गया था, बाइक को पालीघाट चौक पर एक मोटर सायकल गैरेज में दो लड़को को बनवाते देखे हैं, सूचना पर थाना प्रभारी अपने हमराह स्टाफ के साथ पालीघाट रवाना होकर दोनों लकड़ों को हिरासत में लेकर थाने लाये।



मोटर सायकल चोरी के संबंध में मोनू यादव रिपोर्ट दर्ज कराया कि ड्रायवरी का काम करता है। दिनांक 15.01.2023 के शाम अपने बडे भाई सोनु यादव के मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स क्र. CG 13 AD-7421 से हमीरपुर बार्डर मेला देखने गये था। मोटर सायकल को हमीरपुर बार्डर जयराम होटल के सामने रोड़ के उस पार खडे कर मेला घुमने चला गया था। रात्रि करीब 10.00 बजे वापस आकर देखा तो मोटर सायकल नहीं था जिसे आसपास के होटल एवं दुकानदारों से पूछताछ कर पता किया कहीं पता नहीं चला। मोटर सायकल को खोजबिन करते समय पता चला कि पालीघाट चौक के पास एक मोटर सायकल गैरेज में दो लकडे मोटर सायकल को बनवा रहे है। अपने भाई के साथ जाकर देखा और पुलिस को सूचना दिया। 16 जनवरी को तमनार पुलिस मोटर सायकल चोर विकास प्रधान (22 साल), अनिल लोहरा (19 साल) दोनों निवासी टपरिया को अपराध क्रमांक 30/2023 धारा 379, 34 IPC के अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों से चोरी गई मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स कीमत रु.15,000 की जब्ती कर आरोपियों को कल गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे, प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया, अनूप कुजूर, संतोष कुर्रे और आरक्षक कमलेश राठिया, किशोर कुल्लू की प्रमुख भूमिका रही है।

## जाति प्रमाण पत्र सत्यापन कार्यों में लाएं तेजी -कलेक्टर डॉ.सिद्दकी

**❏ धान खरीदी कार्यों के भौतिक सत्यापन करने खाद्य विभाग को दिए निर्देश**

**❏ कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने ली समय-सीमा की बैठक**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आगामी 26 जनवरी की विभागवार आबंटित ड्यूटी के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार पत्र ग्राम को आदर्श ग्राम में चयनित करने हेतु चिन्हांकित गाँवों के बारे में सभी संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया और नरेगा के अंतर्गत काम मिलना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने खाद्य विभाग को पंजीयन एवं बिक्री संबंधित जांच करने के निर्देश दिए एवं कृषि विभाग को मिलेट्स और तिलहन की खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने को कहा।



कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने समस्त एसडीएम एवं तहसीलदार को राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना अंतर्गत अर्ह किसानों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीने में विशेष ध्यान देकर इस पर कार्य करें। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र सत्यापन कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को सत्यापन कार्य में तेजी लाने को कहा। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने धान खरीदी कार्यों की समीक्षा करते हुए कुल धान खरीदी एवं उठाव संबंधी जानकारी ली, संबंधित अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुल 98 प्रतिशत धान खरीदी का कार्य हो चुका है एवं 94 प्रतिशत लोगों ने धान विक्रय कर लिया है। उन्होंने शत-प्रतिशत रकबा समर्पण सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत हो रहे जांच एवं लैब टेस्ट की जानकारी ली और कृषि विभाग को गोमूत्र की बिक्री पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना, वन अधिकार पत्र, कृष्ण कुंज, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, पैरादान, हाट-बाजार, स्वामी आत्मानंद स्कूल, रामायण मंडली, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, विवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, टीबी कुष्ट रोग जाँच एवं निवारण अभियान, कुपोषित बच्चों को गर्म भोजन, राजीव गाँधी भूमिहीन किसान योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल एवं स्निग्धा तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा सहित जिला स्तरीय उपस्थित रहे।

## वाहन चेकिंग में खड़े सिपाही के पैर पर चढ़ा दी कार, आरोपी फरार

**भिलाई (आरएनएस)।** भिलाई के वैशाली नगर में एक कार चालक ने चेकिंग कर रहे जवान को टक्कर मार दी और कार को सिपाही के पैर पर चढ़ाते हुआ निकल गया। इस घटना में सिपाही के पैर की हड्डी टूट गई जिसके बाद घायल सिपाही को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वैशाली नगर थाने में पदस्थ आरक्षक भागवत प्रसाद साहू की मंगलवार देर रात अम्बेडकर चौक में अपने अधिकारी के साथ वाहन चेकिंग कर रहा था इसी दौरान वहां एक अज्ञात कार चालक पहुंचा जिसे रोकने का प्रयास करने पर उसने तेज गति और लापरवाही पूर्वक चलाकर आरक्षक भागवत प्रसाद साहू को टक्कर मार दिया और कार का पहिया सिपाही के बायें पैर पर चढ़ा दिया तथा वहां से भाग गया। इस हादसे में सिपाही का पैर टूट गया। इससे सिपाही वहीं बेहोश होकर गिर गया। चेकिंग में लगे अन्य पुलिस कर्मियों ने तुरंत भागवत साहू को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और सडक़ दुर्घटना का मामला दर्ज किया तथा उसकी तलाश की जा रही है। घायल सिपाही की हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। जवान के शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घटना के वक्त किसी ने भी कार का नंबर नहीं देखा जिसके चलते वाहन चालक का पता अब तक नही चला है किंतु पुलिस घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## राज्य वित्त आयोग का जिले में स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित

**❏ राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष सरजिंयस मिंज ने स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों से की चर्चा**

**❏ मिंज ने वित्त आयोग के पोर्टल और एप्प के बारे में दी जानकारी**

**❏ निकाय के प्रतिनिधियों ने दिए अपने सुझाव**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** नवगठित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पालिका सभाकक्ष में आज छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग का स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिनमें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष सरजिंयस मिंज, सचिव सतीश पाण्डेय, संयुक्त सचिव जे.एस.विरदी, अनुसंधान अधिकारी सुश्री पायल गुप्ता, निज सचिव एम.एन.राजूकर उपस्थित रहे। इसके अलावा सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार, सारंगढ़ मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष गायकवाड़, विधायक प्रतिनिधि अजय बंजारे, समस्त वार्ड पार्षद, एल्डरमैन एवं स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।




संवाद कार्यक्रम के दौरान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष सरजिंयस मिंज ने कहा कि आयोग सभी स्थानीय निकायों के सहयोग के लिए तत्परता से काम करता है, मिंज ने आयोग के पोर्टल और एप्प के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें निकाय बेहतर तरीके से अपनी जानकारियाँ दर्ज करना सुनिश्चित करें, ताकि इससे राज्य सरकार को नगरीय निकायों को राशि स्वीकृत करने में आसानी हो सके। इसके अलावा मिंज ने उपस्थित निकाय के प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को ध्यान से सुना एवं उनसे विस्तारपूर्वक चर्चा की।

सचिव सतीश पाण्डेय ने सर्वप्रथम सारंगढ़ नगर पालिका के कार्यों की समीक्षा करते हुए नगर पालिका द्वारा दी गई जानकारियों की प्रशंसा की एवं दिए गए आंकडों में पेंशन, पेयजल और कचरा संग्रहण से प्राप्त राशि संबंधी जानकारी में आंकड़ों संबंधी त्रुटि को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सुधार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पाण्डेय ने निकाय के वित्तीय प्रबंधन से संबंधित संशोधन या सुधार हेतु सुझाव हेतु पूछा जिस पर निकाय के सदस्यों से अपना मत रखा। जिस पर निकाय के सदस्यों ने निकाय से जुड़े शासकीय भूमि एवं नजूल भूमि को स्वयमेव बिना शासकीय हस्तक्षेप के निकाय को आबंटित करने हेतु सुझाव दिया ताकि दुकान हेतु आबंटित कर निकाय के राजस्व में वृद्धि हो सके। इसके अलावा जुआ एक्ट में कार्यवाही से प्राप्त राशि, चुंगीकर में वृद्धि, यात्री बसों को दी जाने वाली सुविधाओं से प्राप्त राशि, बाजार कर की अनुमति, विद्युत पोलों पर सम्पति कर आरोपित करने, मुद्रांक शुल्क की राशि प्राप्त करने इन विषयों पर सदस्यों ने अपने सुझाव दिए।

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष मिंज ने सभी सुझावों को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात कहा कि हमें यह ध्यान रखना होगा कि जुआ एक्ट में की गई कार्यवाही से प्राप्त राजस्व से समाज में यह संदेश न जाए कि जुआ को और अधिक प्रोत्साहन मिले। इसके अलावा शासकीय भूमि के आबंटन संबंधी सुझाव के बारे में कहा कि शहरी विकास सिर्फ दुकानों से नहीं होती है, हम लोगों की सुख-सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखना होगा, नागरिक सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर ऐसा होना चाहिए जिसमें आवाजाही में कोई बाधा न हो, उसी प्रकार से बच्चों के खेलकूद के लिए मैदान एवं गार्डन की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने दूसरे देशों की व्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ वे बड़े सुव्यवस्थित तरीके से हर क्षेत्र में सभी चीजों की व्यवस्था करते हैं एवं बड़ी मात्रा में पौधरोपण भी करते हैं। नगरीय निकायों को इन विषयों का ध्यान रखना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480